**आवश्यक सूचना**

यूटर्न टाइम के पाठकों को होली की हार्दिक शुभकानाएं।

होली के पावन पर्व पर बुधवार को कार्यलय में अवकाश रहेगा। यूटर्न टाइम समाचार पत्र का अगला अंक शुक्रवार 6 मार्च 2026 को प्रकाशित होगा।

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

VOL: 11 | ISSUE 51 | WEDNESDAY 04-03-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com




# सिटिजन काउंसिल द्वारा दायर सिविल रिट पिटीशन से हाईकोर्ट ने की सख्ती

## ग्लाडा द्वारा कही चलाया पीला पंजा तो सिधवा नहर NH-95 की लिंक रोड पर 47 बिल्डिंगों को अवैध निर्माण बता गिराने का नोटिस

**लुधियाना, यूटर्न, 03 मार्च। मंगलवार को ग्लाडा अधिकारीयों द्वारा फिरोजपुर रोड से लाडोवाल तक सिधवा नहर के साथ गुजरने वाले नेशनल हाईवे-95 ए की लिंक रोड पर बन रही अवैध बिल्डिंग पर कार्यवाही को अंजाम दिया। इस दौरान विभागीय टीम ने भारी पुलिस फोर्स की उपस्थिति में दलबदलू नेता की शह पर बन रही बाहुबली की बिल्डिंग पर पीला पंजा चलाया गया।**

### इसके इलावा अधिकारीयों ने कनाल रोड

पर बनी 47 बिल्डिंगों को अवैध बताया उनके कमर्शियल निमार्णों के खिलाफ गिराने का नोटिस जारी कर दिया है । हलांकि पहले चरण में ग्रेटर लुधियाना एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (ग्लाडा) ने





बिल्डिंग सम्बंधित सभी मालिकों को स्वयं अपने निर्माण हटाने के नोटिस जारी किए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि तय समय में ढांचा न हटाने की स्थिति में तोड़फोड़ की कार्रवाई सीधे अथॉरिटी द्वारा की जाएगी और पूरा खर्च मालिकों से वसूला जाएगा। गौरतलब है की विभाग की यह कार्यवाही सिटिजन काउंसिल द्वारा दायर सिविल रिट पिटीशन नंबर 85/2024 पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई के संदर्भ में की गई है। प्रधान दर्शन अरोड़ा की याचिका में मांग की गई थी कि सिधवा नहर के साथ गुजर रहे इस हाईवे पर किसी भी तरह के व्यावसायिक निर्माण को अनुमति न दी जाए तथा मौजूदा अवैध निर्माणों को हटाया जाए। जांच के दौरान न्यूमी रेस्टोरेंट, चावल-चिकन समेत कई नामी इमारतें अवैध पाई गईं। पॉलिसी 2013 व 2018 के तहत रेगुलराइजेशन के लिए किए गए आवेदन नियमों पर खरे न उतरने के कारण रद्द कर दिए गए हैं। मामला न्यायालय में लंबित होने से पहले स्वीकृत कुछ आवेदन भी निरस्त कर दिए गए।

### नोटिस जारी होने वाली बिल्डिंगों की सूचि

विभागीय रिकॉर्ड के अनुसार जिन संस्थानों/निमार्णों को नोटिस जारी किए गए हैं, उनमें न्यूमी, सरताज स्वीट्स-सोनी सेंटर (विपन पुरी), विपन पुरी, तनेजा प्रॉपर्टीज, रणजोध सिंह, जसलीन चौधरी, तनेजा प्रॉपर्टी एडवाइजर, जग्गी एस्टेट्स, भाग्या होम्स, गोयल प्लाई स्टोर, फॉर्च्यून लैंड डेवलपर्स, आर.के. वाइंस, जुगनू (फूड एंड बेवरेज), जे-9 (अर्बन वाइब्स), नीलम प्रॉपर्टीज, ले आंत्रेस, द विंटर गार्डन, बास्किन रॉबिंस, डीबीएन प्रॉपर्टीज, बेक फ्रेश, डे-नाइट 24/7, आरएस मेडिकेयर, सीएक्सवाई सैलून एंड स्पा, बेल्जियन वॉफल, ऑल डे कॉफी कंपनी, तत्वम, ईट एन मीट, एचडीएफसी बैंक, चावला एवी सॉल्यूशन (इनोवेटिव थिएटर्स), रणवीर लिखी डिजाइन, बसेरा प्रॉपर्टीज, सुखमनी प्रॉपर्टीज, छाबड़ा प्रमोटर्स एंड डेवलपर्स, जसकरण देओल, सबवे, ग्रीन हाउस कैफे, डेक्कन गैलरी (बाइक स्टूडियो/एक्स्टेसी डांस स्टूडियो), जेरो कोर्टयार्ड (ओबरा रेस्टोबार/लीला सैलून), करण पुरी (डी कार्टिनोज), चावला चिकन, तलवार प्रॉपर्टीज और क्लब-91 (स्नूकर/बाइक्स) शामिल हैं।

### ग्लाडा और निगम की एनओसी

### फिर भी कार्यवाही

उधर पिछले कुछ वर्षों में ग्लाडा एवं निगम के कुछ भ्रष्ट अधिकारीयों ने निजी स्वार्थों के मद्देनजर कुछ बिल्डिंग मालिकों को कमर्शियल बिल्डिंगों के लिए एनओसी भी जारी कर रखा है । ऐसे में लोगों इस बात को लेकर चर्चित है की अगर निर्माण अवैध है तो क्या कारोबारियों की तरह दोषी विभागीय अधिकारीयों की भी सजा मिलेगी या फिर कार्यवाही एकतरफा होकर खाना पूर्ति की जाएगी।

ੴ

ਹੁਕਮੇ ਆਵੈ ਹੁਕਮੇ ਜਾਵੈ ਹੁਕਮੇ ਰਹੈ ਸਮਾਈ ॥

By His command we come, by His command we go; by His command we merge back into Him.

ANTIM ARDAS



(1936 - 2026)

S Raja Singh Oberoi

A noble soul devoted to selfless humanitarian service. His compassion touched countless lives, and his visionary leadership empowered many families. His enduring values and spirit will forever guide us.

5th March 2026 | 12:30 pm to 2:00 pm | GRD Academy Ludhiana

Forever Loved By

Oberoi Family | Texla Group

+91 7087404062




# पंजाब में SSB ग्रुप और महिंद्रा ग्रुप का 460 करोड़ रुपये का निवेश, 700 युवाओं को मिलेगा रोजगार

चंडीगढ़, 3 मार्च 2026। पंजाब के उद्योग एवं वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन, बिजली और स्थानीय निकाय मंत्री संजीव अरोड़ा ने घोषणा की कि रइ ग्रुप और महिंद्रा ग्रुप के संयुक्त उपक्रम द्वारा राज्य के आतिथ्य क्षेत्र में 460 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। यह निवेश महिंद्रा हॉलिडेज एंड रिसॉर्ट्स इंडिया लिमिटेड के बैनर तले किया जाएगा, जो पंजाब में कंपनी का पहला निवेश होगा।

मंत्री ने बताया कि इस परियोजना से लगभग 700 रोजगार के अवसर सृजित होंगे, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। परियोजना के तहत 300 करोड़ रुपये की लागत से प्रीमियम रिसॉर्ट, 50 करोड़ रुपये से 90,000 वर्ग फुट में क्षेत्र का सबसे बड़ा कन्वेंशन सेंटर और 110 करोड़ रुपये से




अमृतसर में स्वर्ण मंदिर के निकट एक होटल विकसित किया जाएगा। रिसॉर्ट और कन्वेंशन सेंटर अमृतसर के वाघा रोड स्थित गांव खासा में करीब 15 एकड़ भूमि पर बनाए जाएंगे। संजीव अरोड़ा ने कहा कि अत्याधुनिक कन्वेंशन सेंटर से पंजाब में टक्कए पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और अमृतसर बड़े राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय आयोजनों, डेस्टिनेशन वेडिंग व कॉर्पोरेट सम्मेलनों का प्रमुख केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि यह निवेश राज्य की निवेश-अनुकूल नीतियों पर बढ़ते विश्वास का प्रमाण है।

## एक ही रात दो गुरुद्वारों की गोलक चोरी



लालड़ू, यूटर्न, 03 मार्च। क्षेत्र में चोरों के हौसले लगातार बढ़ते नजर आ रहे हैं। बीती रात अज्ञात चोरों ने दो अलग-अलग गांवों के गुरुद्वारों में रखी गोलकें चोरी कर लीं। घटना से इलाके में रोष का माहौल है। जानकारी के अनुसार गांव तोगांपुर और आगांपुर स्थित गुरुद्वारा साहिब में एक ही रात चोरी की वारदात हुई। पुलिस के मुताबिक दोनों घटनाएं एक ही गिरोह द्वारा अंजाम दी गई प्रतीत होती हैं। लैहली चौकी के इंचार्ज गुरविंदर सिंह ने बताया कि गांव तोगांपुर के प्रधान कुलविंदर सिंह और गांव आगांपुर के ग्रंथी गुरमुख सिंह ने लिखित शिकायत दी है। शिकायत में बताया गया कि देर रात अज्ञात व्यक्ति गुरुद्वारा साहिब के मुख्य दरवाजे तोड़कर अंदर घुसे और गोलकें उठा ले गए। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार सुबह करीब 2:18 बजे तोगांपुर के गुरुद्वारा साहिब में चोरी की गई, जबकि करीब 3 बजे आगांपुर के गुरुद्वारा साहिब में वारदात को अंजाम दिया गया। सुबह होने पर दोनों गोलकें गांवों से दूर खेतों में खाली अवस्था में पड़ी मिलीं। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का दावा है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## फिर बढ़ने जा रही प्रॉपर्टी की कीमतें, कलेक्टर रेट में 30-60% तक बढ़ोतरी का प्रस्ताव

चंडीगढ़, यूटर्न, 03 मार्च। शहर में प्रॉपर्टी की कीमतों में नई तेजी देखने को मिल सकती है। प्रशासन ने कलेक्टर रेट बढ़ाने की तैयारी कर ली है। इस संबंध में डीसी निशांत यादव की अध्यक्षता में हाल ही में बैठक हुई, जिसमें नए कलेक्टर रेट तय करने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया। प्रस्तावित संशोधन के तहत शहर के विभिन्न इलाकों के लिए कलेक्टर रेट में 30 से 60 प्रतिशत तक वृद्धि का सुझाव है। प्रशासन की योजना है कि अगले सप्ताह ड्राफ्ट नोटिफिकेशन जारी किया जाए, जिसमें आम जनता से सुझाव और आपत्तियां मांगी जाएंगी। जानकारी के अनुसार, ड्राफ्ट नोटिफिकेशन 5-6 मार्च तक जारी होने की संभावना है। योजना है कि नए रेट 1 अप्रैल से लागू कर दिए जाएं।




## मजीठिया और भाजपा ने PRTC बसों का रंग बदलने पर आम आदमी पार्टी पर साधा निशाना

लुधियाना, यूटर्न, 03 मार्च। अकाली नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया ने पंजाब सरकार पर तीखा कटाक्ष किया है। मजीठिया ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी ने पिछले चार वर्षों में राजनीतिक लाभ और प्रचार के लिए राज्य के सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग किया है।

उन्होंने कहा कि पहले सरकारी स्कूल और अस्पताल पार्टी के झंडे वाले नीले-पीले रंग में रंगे गए, और अब पीआरटीसी की



बसें भी AAP के प्रचार का माध्यम बन रही हैं। मजीठिया ने सीधे मुख्यमंत्री भगवंत मान से सवाल किया, क्या यह वही इंकलाब है जिसका आपने पंजाबियों से वादा किया था? उन्होंने तंज करते हुए लिखा कि जल्द ही AAP के नेता और कार्यकर्ताओं को नीली शर्ट और पीली पैंट पहनने का आदेश भी जारी किया जा सकता है। उनका कहना था कि अब आम आदमी पार्टी नहीं, बल्कि "AAP – Always Advertising Party" बन गई है। भाजपा ने भी इस मामले में सरकार को घेरते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो साझा किया। पार्टी ने लिखा कि स्कूल और अस्पतालों के बाद अब झाड़ू वालों ने पंजाब की सरकारी बसों पर भी पार्टी के रंगों की छाप छोड़ी है।


भाजपा ने स्पष्ट किया, यह पंजाब की संपत्ति है, आपकी निजी जायदाद नहीं। राजनीतिक हलकों में इस मुद्दे ने नई बहस को जन्म दिया है और विपक्ष ने सरकार की आलोचना तेज कर दी है कि क्या सरकारी संसाधनों का इस्तेमाल निजी प्रचार के लिए किया जा रहा है।

## 1990 के बाद भारत में ब्रेस्ट कैंसर 5 गुना बढ़ा, 2050 तक वैश्विक मामले 3 गुना हो सकते हैं

नवीन गोगना

लुधियाना 3 मार्च (यूटर्न)। पिछले तीन दशकों में भारत में ब्रेस्ट कैंसर के मामले बहुत तेजी से बढ़े हैं. 1990 के बाद से नए मामले लगभग पांच गुना बढ़ गए हैं—यह वृद्धि दुनिया भर में बढ़ते खतरनाक रुझान जैसी ही है. मंगलवार को द लांसेट ऑन्कोलॉजी में छपी एक नई ग्लोबल स्टडी में यह बात कही गई है. स्टडी करने वाले शोधकर्ताओं ने 2023 के आंकड़ों की जांच की जिसमें कैंसर रजिस्ट्रियां, सरकारी रिकॉर्ड और जिन महिलाओं की मौत हो चुकी है उनके परिवारों से बातचीत शामिल थी और पाया कि 1990 के बाद से ब्रेस्ट कैंसर के मामले और मौतों की संख्या दोनों तेजी से बढ़े हैं.

2023 में भारत में ब्रेस्ट कैंसर के लगभग 2.03 लाख नए मामले दर्ज हुए, जो 1990 की तुलना में 477.8 प्रतिशत ज्यादा हैं. इसी अवधि में ब्रेस्ट कैंसर से मौतों की संख्या 1.02 लाख तक पहुंच गई, जो 352.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी है. 2023 में आयु-मानकीकृत घटना दर—यानि जनसंख्या बढ़ने और उम्र बढ़ने के असर को हटाकर निकाला गया आंकड़ा, प्रति एक लाख महिलाओं पर 29 (29.4) से ज्यादा नए मामले थी, जो 1990 की तुलना में 126.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी दिखाती है. आयु-




मानकीकृत मृत्यु दर प्रति एक लाख महिलाओं पर 15 (15.5) से ज्यादा मौतें थी, जो तीन दशकों में 74 प्रतिशत की बढ़ोतरी है. यह स्टडी 204 देशों और क्षेत्रों में की गई थी.

### ग्लोबल और डेवलपिंग देशों पर बढ़ता दबाव

स्टडी के अनुसार, दुनिया भर में ब्रेस्ट कैंसर के मामले लगभग एक-तिहाई बढ़ने का अनुमान है. 2023 में 23 लाख से बढ़कर 2050 तक 35 लाख से ज्यादा हो सकते हैं. इसी दौरान हर साल होने वाली मौतें 7.64 लाख से बढ़कर लगभग 14 लाख तक पहुंच सकती हैं.

यह अनुमान ऐसे समय में आया है जब ब्रेस्ट कैंसर पहले से ही दुनिया भर में महिलाओं में सबसे ज्यादा पाया जाने वाला कैंसर है और कैंसर से होने वाली मौतों का एक बड़ा कारण



COUNTRY-WISE BREAST CANCER RATES

| COUNTRY | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
|---|---|---|---|---|
| India | 2,03,000 | 29.4 | 1,02,000 | 15.5 |
| United States of America | 2,59,800 | 82.5 | 43,300 | 16.8 |
| China | 3,43,000 | 31.6 | 78,700 | 8.8 |
| Russian Federation | 68,300 | 49.1 | 22,300 | 15.1 |
| United Kingdom | 54,800 | 89.5 | 15,500 | 20.8 |
| Australia | 16,500 | 74.5 | 3,240 | 14.4 |

है. विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 2022 में 185 में से 157 देशों में यह महिलाओं में सबसे आम कैंसर था और हर साल लगभग छह लाख मौतों का कारण बना. सोशल मीडिया पर मिला जानकारी अनुसार भारत की स्थिति उन कम और मध्यम आय वाले देशों (छटक्कर) जैसी है, जहां ब्रेस्ट कैंसर के मामले और मौतें तेजी से बढ़ रही हैं. इसके उलट, कई अमीर देशों में मामले स्थिर हो गए हैं और बेहतर जांच और इलाज की सुविधा से मौतें कम हुई हैं. उदाहरण के लिए, 2023 में मोनाको, अंडोरा, फ्रांस, जर्मनी और आयरलैंड जैसे उच्च आय वाले देशों में प्रति एक लाख महिलाओं पर 100 से ज्यादा नए मामले दर्ज हुए. वहीं अफगानिस्तान, सोमालिया और मोजाम्बिक जैसे कम आय वाले देशों में प्रति एक लाख महिलाओं पर 13 या उससे कम मामले दर्ज हुए.

Uturn Time 04 Mar 2026_Layout 2 03-03-2026 23:24 Page 3


RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

4th Year Anniversary

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 51 | WEDNESDAY 04-03-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com


## गुस्ताखी माफ



कितना घटिया आपने, सिरजा यह भगवान।
घायल हो या हो मृतक, लूट रहा इंसान।
लूट रहा इंसान, कर रहा सीना-जोरी।
करे मदद की जगह, पर्स-मोबाइल चोरी।
कह साहिल कविराय, सिर्फ़ कहना है इतना।
कितनी गंदी सोच, कमीना है यह कितना।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल



# जनहित और विकसित हरियाणा की दिशा में मजबूत कदम: ओपी धनखड़

कुलदीप सैनी
पंचकूला, यूटर्न, 03 मार्च। भाजपा मुख्यालय पंचकमल में वित्त वर्ष 2026-27 के हरियाणा बजट पर आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ओम प्रकाश धनखड़ ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और राज्य सरकार को जनहितैषी बजट पेश करने पर बधाई दी। उन्होंने बजट को भविष्य की ओर देखने वाला और विकसित हरियाणा के संकल्प को साकार करने वाला दस्तावेज बताया।




धनखड़ ने कहा कि यह बजट जनता की सलाह से तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री ने 13 बैठकों में विभिन्न हितधारकों से 2,199 सुझाव लिए, जबकि एआई चैटबॉट के माध्यम से 12,400 सुझाव प्राप्त हुए, जिनमें से 5,000 को बजट में शामिल किया गया। उन्होंने बताया कि पिछले 11 वर्षों में प्रदेश की जीडीपी तीन गुना बढ़ी है।

बजट में कम आय वर्ग, महिलाओं, किसानों और युवाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। एक लाख छात्रों को एआई प्रशिक्षण, इलेक्ट्रिक बसों का संचालन, सोलर ऊर्जा को बढ़ावा, सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र और उद्योगों को प्रोत्साहन हेतु एचएसआईआईडीसी जमीन लीज पर देने का प्रावधान किया गया है। वर्ष 2047 तक हरियाणा की जीडीपी 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है।

# इन्तकाल के नाम पर रिश्वत: 5,000 रुपये लेते हल्का पटवारी अजय रंगे हाथ गिरफ्तार

कुलदीप सैनी
सोनीपत, यूटर्न, 03 मार्च। राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, रोहतक की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हल्का पटवारी समेपुर अजय (37) को 5,000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी को हेरिटेज क्लब, सोनीपत के पास ट्रैप के दौरान पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार, आरोपी पटवारी ने शिकायतकर्ता से दो प्लॉटों के इन्तकाल दर्ज कर मंजूर करवाने के बदले रिश्वत की मांग की थी। शिकायत मिलने के बाद ब्यूरो ने योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप लगाया और जैसे ही




आरोपी ने रिश्वत की राशि ली, टीम ने उसे मौके पर ही काबू कर लिया।

इस मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 7 के तहत थाना राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, रोहतक में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। आरोपी से पूछताछ जारी है और मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। ब्यूरो के निदेशक डॉ. ए.एस. चावला ने स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार के मामलों में जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। आमजन से अपील है कि रिश्वत की मांग होने पर तुरंत हेल्पलाइन 1064 या 1800-180-2022 पर सूचना दें।

# इन्तकाल मंजूरी के बदले 5,000 रुपये रिश्वत लेते हल्का पटवारी अजय रंगे हाथ गिरफ्तार

कुलदीप सैनी
सोनीपत, यूटर्न, 03 मार्च। राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, रोहतक ने हल्का पटवारी समेपुर अजय (उम्र 37 वर्ष) को 5,000 रुपये रिश्वत लेते हुए हेरिटेज क्लब, सोनीपत से रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी ने दो प्लॉटों के इन्तकाल दर्ज व मंजूर करवाने की एवज में शिकायतकर्ता से रिश्वत की मांग की थी। शिकायत मिलने पर ब्यूरो ने ट्रैप लगाकर आरोपी को रिश्वत लेते ही काबू कर लिया।




इस संबंध में अभियोग संख्या धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत थाना राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, रोहतक में मामला दर्ज किया गया है। निदेशक डॉ. ए.एस. चावला ने कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों में जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। आमजन से अपील की गई है कि यदि कोई अधिकारी/कर्मचारी रिश्वत की मांग करे तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1064 या 1800-180-2022 पर सूचना दें।

# होली के जश्न में दोस्त पर बोतल से हमला, गंभीर घायल

कुलदीप सैनी
मोरनी, पंचकूला, यूटर्न, 03 मार्च। होली के मौके पर दोस्तों के बीच हुई शराब की खुराक ने मामूली विवाद को गंभीर रूप दे दिया। कुलदीप सैनी की रिपोर्ट के अनुसार, मोरनी हिल्स घूमने गए दो दोस्त आपस में होली के जश्न के दौरान शराब पी रहे थे। इस दौरान किसी मामूली बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई, जो जल्दी ही हिंसक झगड़े में बदल गई। सूत्रों के अनुसार, विवाद के दौरान एक


घायल

युवक ने अपने ही दोस्त के सिर पर बीयर की बोतल से हमला कर दिया। घटना के परिणामस्वरूप घायल युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को तुरंत आरोपी ने उठाकर नागरिक अस्पताल सेक्टर 6 पहुँचाया।


आरोपी राजिंदर कुमार

अस्पताल में डॉक्टरों ने घायल के सिर पर गहरी चोट पाई और उसे कई टांके लगाने पड़े।

अस्पताल प्रशासन ने इस गंभीर घटना की जानकारी पुलिस को दी। आरोपी युवक ने पुलिस और परिवार के सामने अपनी गलती स्वीकार की। उसने बताया कि शराब के नशे में उसने यह गलती की है और वह अपने दोस्त की पूरी जिम्मेदारी लेता है। आरोपी ने कहा कि उसे जो भी कानूनी सजा मिलेगी, वह उसे स्वीकार करेगा। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और फिलहाल जांच जारी है। अधिकारियों ने कहा कि दोनों युवकों के बयान लिए जा रहे हैं और घटना के कारणों की गहनता से जांच की जा रही है।




# अदालत में पेश न होने पर आरोपी घोषित अपराधी, केस दर्ज

जीरकपुर, यूटर्न, 03 मार्च। अदालत में बार-बार गैरहाजिर रहने पर आरोपी धर्मिंदर गुप्ता को घोषित अपराधी (प्रोक्लेम्ड पर्सन) करार दिया गया है। माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी डेराबस्सी की अदालत ने 10 जनवरी 2025 को पारित आदेश में आरोपी को धारा 82 सीआरपीसी के तहत जारी उद्घोषणा के बावजूद पेश न होने पर पीओ घोषित किया है। मामला कर्नल बलविंदर सिंह बनाम धर्मिंदर व अन्य से संबंधित है। अदालत के आदेश के अनुसार आरोपी के खिलाफ 19 नवंबर 2024 को उद्घोषणा तामील हो चुकी थी और 30 दिन की वैधानिक अवधि भी पूरी हो गई, लेकिन इसके बावजूद वह अदालत में पेश नहीं हुआ। इसके चलते अदालत ने उसे प्रोक्लेम्ड पर्सन घोषित कर संबंधित थाने को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। अदालत के आदेश पर थाना ढकौली पुलिस ने आरोपी धर्मिंदर गुप्ता निवासी जिला कुशीनगर, उत्तर प्रदेश के खिलाफ धारा 174-ए आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने कंट्रोल रूम और वरिष्ठ अधिकारियों को भी सूचित कर दिया है। मामले की आगे की जांच हेड कांस्टेबल हरनेक सिंह को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

# शादी के नाम पर धोखाधड़ी का आरोप, दुल्हन समेत चार पर केस दर्ज

जीरकपुर, यूटर्न, 03 मार्च। शादी के नाम पर धोखाधड़ी, साजिश और चोरी के आरोप में जीरकपुर थाना पुलिस ने दुल्हन समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायत ग्रीन इंक्लेव निवासी तिलक राज शर्मा ने दी है।

शिकायत के अनुसार उनके बेटे मनुश शर्मा की शादी 4 नवंबर 2024 को जालंधर के एक होटल में दीक्षा शर्मा से हुई थी। विवाह का पंजीकरण भी विधिवत कराया गया था। दोनों परिवारों की सहमति से यह तय हुआ था कि एक वर्ष बाद दांपत्य जीवन की शुरूआत की जाएगी। आरोप है कि 23 नवंबर 2025 को रिसेप्शन के बाद दीक्षा पहली बार जीरकपुर स्थित ससुराल आई, लेकिन उसने वैवाहिक संबंध बनाने से इनकार कर दिया। शिकायतकर्ता का कहना है कि दीक्षा का जालंधर निवासी शुभम नामक युवक से पहले से संबंध था और उसने कनाडा पीआर धारक उनके बेटे से केवल वीजा लाभ लेने के उद्देश्य से विवाह किया। परिवार का आरोप है कि 2 दिसंबर 2025 को शुभम ने फोन कर जान से मारने की धमकी दी। इसके अगले दिन 3 दिसंबर को दीक्षा अपने मायके लौट गई। बाद में घर से सोने के गहने और करीब 50 हजार रुपये नकद गायब मिलने का भी आरोप लगाया गया है।

चंडीगढ़

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

III  बुधवार, 04 मार्च 2026



पेज 08 ईरान की सड़कों पर लगे हैक किए गए कैमरों से...

## मध्य पूर्व में फंसे पंजाबियों की सुरक्षित वापसी के लिए सीएम भगवंत मान ने की केंद्रीय मंत्री से बात

चंडीगढ़, यूटर्न, 3 मार्च। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने मध्य पूर्व के युद्ध प्रभावित अरब देशों में फंसे पंजाबियों की सुरक्षित वापसी के लिए केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू से फोन पर बातचीत की। उन्होंने संकटग्रस्त क्षेत्रों में फंसे पंजाबियों को जल्द से जल्द विशेष उड़ानों के माध्यम से स्वदेश लाने की मांग की। मुख्यमंत्री ने बताया कि पंजाब सरकार ने फंसे हुए लोगों की सूची संपर्क नंबरों सहित केंद्र सरकार को सौंप दी है और वापसी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया है कि पंजाबियों को



सुरक्षित निकालने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, जिसमें विशेष उड़ानों की व्यवस्था भी शामिल है।

सीएम मान ने कहा कि खाड़ी देशों में फंसे युवाओं और विद्यार्थियों की सुरक्षित घर वापसी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार इस संकट की घड़ी में प्रभावित परिवारों के




साथ मजबूती से खड़ी है। सहायता के लिए 24x7 कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जरूरतमंद लोग 0172-2260042, 0172-2260043 या व्हाट्सएप नंबर 94787-79112 पर संपर्क कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने केंद्र से अपील की कि फंसे सभी पंजाबियों को जल्द से जल्द सुरक्षित स्वदेश लाया जाए।

## हरियाणा राज्यसभा चुनाव 2026: भाजपा ने संजय भाटिया को मैदान में उतारा, दोनों सीटों के लिए राजनीतिक गणित गरम

चंडीगढ़, यूटर्न, 3 मार्च। हरियाणा में राज्यसभा चुनाव का माहौल तेज हो गया है। भाजपा ने अपने पूर्व सांसद संजय भाटिया को उम्मीदवार घोषित कर दिया है। 2019 में करनाल से बड़ी जीत दर्ज करने वाले भाटिया अब दो सीटों की जंग में भाजपा की उम्मीदों की नींव हैं। उनका लोकसभा टिकट 2024 में कट गया था, लेकिन संगठन में सक्रिय रहने वाले भाटिया अब फिर से सत्ता की बड़ी बारी में हैं। भाजपा और कांग्रेस के बीच इस बार की जंग सिर्फ उम्मीदवारों की नहीं, बल्कि वोटों के गणित की भी है। हरियाणा विधानसभा में कुल 90 वैध वोट हैं - भाजपा के 48, कांग्रेस के 37, निर्दलीय 3 और इनेलो के 2। जीत का कोटा 31 वोट। पहले राउंड में भाजपा और कांग्रेस अपने-अपने उम्मीदवारों को जीताने के लिए रणनीति बना रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, पहले उम्मीदवार के लिए भाजपा के पास आसान जीत का रास्ता है। लेकिन दूसरी सीट के लिए भाजपा को क्रॉस वोट लेने होंगे। शेष वोटों के गणित के हिसाब से भाजपा को कम से कम 9 अतिरिक्त वोट जुटाने होंगे,



ताकि उनकी दूसरी उम्मीदवार भी जीत सके। संजय भाटिया की पृष्ठभूमि भी खास है। वे पानीपत के मॉडल टाउन के निवासी हैं और कॉलेज के दिनों से ही ABVP से जुड़े हुए हैं। उन्होंने भाजपा युवा मोर्चा में महत्वपूर्ण पद संभाले और हरियाणा खादी और ग्राम उद्योग बोर्ड के अध्यक्ष भी रहे। 2019 के लोकसभा चुनाव में उनकी जीत का अंतर देश में दूसरे नंबर पर रहा था। राजनीतिक हलकों में यह कहा जा रहा है कि इस चुनाव का परिणाम भाजपा और कांग्रेस की हरियाणा रणनीति पर नई बहस छेड़ेगा, और संगठनात्मक शक्ति और क्रॉस वोटिंग की भूमिका चुनावी नतीजों में निर्णायक साबित होगी।



## खाड़ी देशों में फंसे पंजाबियों के लिए अमृतसर जिला प्रशासन ने जारी की हेल्पलाइन

अमृतसर, यूटर्न, 03 मार्च। खाड़ी देशों में जारी युद्ध के चलते फंसे पंजाबियों की मदद के लिए अमृतसर जिला प्रशासन ने एक 24x7 हेल्पलाइन नंबर 0183-2226161 जारी किया है। डिप्टी कमिश्नर दलविंदरजीत सिंह ने बताया कि इस नंबर पर फंसे हुए लोग और उनके परिवार तत्काल सहायता के लिए संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा पंजाब सरकार की ओर से राज्य स्तरीय सहायता के लिए भी तीन हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं: 0172-2260042, 0172-2260043, और व्हाट्सएप नंबर +91 94787 79112। ये नंबर भी दिन-रात सक्रिय रहेंगे और जरूरत पड़ने पर कॉल या मैसेज के माध्यम से मदद ली जा सकती है। डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि पंजाब सरकार लगातार भारत सरकार के साथ संवाद कर रही है ताकि खाड़ी देशों में फंसे पंजाबियों को सुरक्षित और शीघ्र वापसी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार और जिला प्रशासन इस संकट की घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ खड़े हैं और उनकी मदद के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

## तेज रफ्तार ट्रॉले की टक्कर से डिलीवरी बॉय की टांग कटी, चालक गिरफ्तार



जीरकपुर, यूटर्न, 03 मार्च। लेक व्यू सोसाइटी के सामने डीपीएस स्कूल से किशनपुरा जाने वाली सड़क पर तेज रफ्तार ट्रॉले की टक्कर से एक डिलीवरी बॉय गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसकी बाईं टांग घुटने के नीचे से काटनी पड़ी। पुलिस ने ट्रॉला चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

घायल की पहचान अविदेश कुमार (21) पुत्र बतन दास निवासी जिला भागलपुर, बिहार के रूप में हुई है। वह पिरमुच्छला स्थित ब्लिंकिट कंपनी में डिलीवरी का काम करता है। 26 फरवरी को वह अपनी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर ड्यूटी के दौरान था। दोपहर करीब साढ़े 11 बजे वह एक साथी के साथ जा रहा था।

बताया गया है कि आगे सरिया लदा ट्रॉला चल रहा था। साथी के निकलने के बाद जैसे ही अविदेश ट्रॉले को ओवरटेक करने लगा, सामने से कार आने पर ट्रॉला चालक ने अचानक कट मार दिया। इससे बाइक ट्रॉले से टकरा गई और पीछे का टायर युवक के ऊपर से गुजर गया।

राहगीरों ने चालक को मौके पर काबू कर पुलिस के हवाले कर दिया। घायल को पहले सिवी १२४ अस्पताल सेक्टर-6 पंचकूला ले जाया गया, जहां से उसे गंभीर हालत में पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया। वहां ऑपरेशन के दौरान उसकी बाईं टांग घुटने के नीचे से काटनी पड़ी। थाना ढकौली पुलिस ने चालक जगबीर सिंह निवासी गांव वैरोवाल, जिला तरनतारन के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Relinquishment Deed क्या होती है? कब और क्यों आवश्यक होती है?**

जब किसी संयुक्त संपत्ति में कई सह-मालिक (co-owners) हों—जैसे भाई-बहन या अन्य कानूनी वारिस—तो कभी-कभी एक या अधिक व्यक्ति अपना हिस्सा स्वेच्छा से छोड़ना चाहते हैं। ऐसे में बनाया जाता है Relinquishment Deed (त्यागपत्र)।

यह दस्तावेज तब उपयोगी होता है, जब संपत्ति Intestate Succession से मिली हो या पैतृक हो, और सभी वारिसों में से कोई एक अपना हिस्सा किसी अन्य सह-मालिक के पक्ष में छोड़ना चाहता हो। Relinquishment Deed के माध्यम से वह अपने हिस्से का अधिकार विधिक रूप से त्याग देता है।

कुछ महत्वपूर्ण बिंदु:

- यह सामान्यतः सह-मालिकों के बीच ही लागू होती है।
- इसे विधिक रूप से registered कराना आवश्यक है, विशेषकर अचल संपत्ति के मामलों में।
- त्याग के बाद संबंधित व्यक्ति भविष्य में उस हिस्से पर दावा नहीं कर सकता।
- यदि त्याग प्रतिफल (consideration) लेकर किया गया हो, तो उसका कर प्रभाव अलग हो सकता है।

Relinquishment Deed और Gift Deed अलग हैं। Gift किसी भी व्यक्ति को दिया जा सकता है; Relinquishment सामान्यतः सह-वारिसों के बीच होता है।

निष्कर्ष: Relinquishment Deed संयुक्त संपत्ति विवाद को सरल बनाने का माध्यम है। स्पष्ट, पंजीकृत और स्वेच्छा से किया गया त्याग भविष्य के मुकदमों से बचाता है।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### दुनिया खेल रही है खून की होली

आज का विश्व शांति और मानवता की बातें तो करता है, पर वास्तविकता कुछ और ही दिखाई देती है। चारों ओर युद्ध, आतंकवाद, हिंसा और आपसी संघर्ष बढ़ते जा रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है मानो दुनिया खून की होली खेल रही हो। कहीं देशों के बीच युद्ध चल रहे हैं, तो कहीं धर्म और जाति के नाम पर निर्दोष लोगों का खून बहाया जा रहा है। स्वार्थ, लालच और सत्ता की भूख ने इंसान को इंसान का दुश्मन बना दिया है। तकनीकी प्रगति और विकास के इस युग में भी मनुष्य अपने क्रोध और घृणा पर नियंत्रण नहीं रख पा रहा है। हथियारों की होड़ ने वातावरण को और भी भयावह बना दिया है। मासूम बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की जानें जा रही हैं, पर दुनिया मौन दर्शक बनी हुई है। मानवता और करुणा जैसे मूल्य धीरे-धीरे समाप्त होते दिख रहे हैं। हमें समझना होगा कि हिंसा कभी किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकती। शांति, प्रेम और भाईचारे से ही संसार को बेहतर बनाया जा सकता है। यदि प्रत्येक देश और व्यक्ति अपने भीतर सहनशीलता और दया का भाव जागृत करे, तो यह खून की होली बंद हो सकती है। समय की मांग है कि हम एकजुट होकर मानवता को बचाने का संकल्प लें और विश्व में शांति स्थापित करें।

## 8 मार्च को आंगनवाड़ी वर्कर और हेल्पर करेंगी पंजाब विधानसभा का घेराव



डेराबस्सी, यूटर्न, 03 मार्च। आंगनवाड़ी मुलाजिम यूनियन पंजाब (सीटू) ने अपनी लंबित मांगों के समर्थन में 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पंजाब विधानसभा का घेराव करने का ऐलान किया है।

जारी प्रेस बयान में जिला प्रधान गुरप्रीत कौर, ब्लॉक प्रधान जसविंदर कौर और ब्लॉक वाइस प्रधान बलजीत कौर ने बताया कि पंजाब सरकार की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के दिन विधानसभा सत्र बुलाया गया है। इसी अवसर पर यूनियन की ओर से अपने हकों के लिए विधानसभा का घेराव किया जाएगा। नेताओं ने बताया कि पहले यूनियन ने 1 मार्च को मलोट में विभागीय मंत्री डॉ. बलजीत कौर का घेराव करने की घोषणा की थी, लेकिन अब कार्यक्रम में बदलाव करते हुए मार्च को सीधे पंजाब विधानसभा का घेराव करने का निर्णय लिया गया है।

यूनियन नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार ने आंगनवाड़ी वर्करों और हेल्परों का मानदेय दोगुना करने का वादा किया था, लेकिन चार साल बीत जाने के बावजूद यह वादा पूरा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से फेस रिकॉग्निशन सिस्टम (एफआरएस) के तहत लाभार्थियों की पहचान के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों में मोबाइल फोन उपलब्ध कराने थे, लेकिन अब तक फोन नहीं दिए गए।

## लुधियाना में 5 मार्च से 14-15 वर्ष की लड़कियों के लिए HPV टीकाकरण अभियान शुरू



लुधियाना, यूटर्न, 03 मार्च। जिला प्रशासन ने 14-15 वर्ष आयु वर्ग की लगभग 40,000 योग्य लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए HPV टीकाकरण अभियान की तैयारियां पूरी कर ली हैं। यह निशुल्क अभियान 5 मार्च, गुरुवार से शुरू होकर 90 दिन तक जिले के 19 सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में चलेगा। इस कार्यक्रम में केवल उन लड़कियों को शामिल किया जाएगा, जिन्होंने 14वां जन्मदिन पूरा कर लिया है लेकिन 15 वर्ष की आयु पूरी नहीं की है। उन्हें 0.5 मिलीलीटर HPV वैक्सीन की एक खुराक इंट्रामस्कुलर तरीके से बाएं हाथ में दी जाएगी। टीकाकरण केंद्रों में जिला अस्पताल, उप-प्रभागीय अस्पताल, कम्युनिटी हेल्थ सेंटर, वर्धमान महावीर सिविल अस्पताल, और शहरी सीएचसी जवद्दी व शिमलापुरी शामिल हैं।

समीक्षा बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त (जनरल) पूनम सिंह ने स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य विभागों के अधिकारियों को समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रत्येक टीकाकरण के बाद 30 मिनट का पर्यवेक्षण अनिवार्य होगा और लाभार्थियों के लिए जलपान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सिविल सर्जन डॉ. रमणदीप कौर ने कहा कि आवश्यक वैक्सीन स्टॉक जिले में पहुँच चुका है और स्वास्थ्यकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने लड़कियों को खाली पेट टीका न लगवाने की सलाह दी। टीकाकरण के बाद लड़कियों को प्रमाणपत्र दिया जाएगा और इंडेक्स फिंगर पर निशान लगाया जाएगा। यह अभियान देशव्यापी पहल का हिस्सा है, जो किशोर लड़कियों को लृढश से सुरक्षित कर सर्वाइकल कैंसर से बचाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

Uturn Time 04 Mar 2026_Layout 2 03-03-2026 23:24 Page 7



# सेक्टर-32 में होली मिलन समारोह, सामाजिक समरसता का दिया संदेश

लुधियाना, यूटर्न, 03 मार्च। भाजपा ताजपुर मंडल अध्यक्ष हरबंस सिंह सलूजा की अगुवाई में सीनियर सिटीजन फ्रेंड्स क्लब के बैनर तले सेक्टर-32 में होली मिलन समारोह उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में लुधियाना ईस्ट क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं ने भाग लेकर आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। इस अवसर पर नेताओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। समारोह में विशेष रूप से वीरेंदर उप्पल, अरुण सिंह जैन, सुभाष नरुल्ला, पवन गंभीर और जातिंदर दुआ सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजन के दौरान रंग-गुलाल और सांस्कृतिक माहौल ने कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया।





# नवकार के होली-वैसाखी बधाई बोर्ड से गरमाई सियासत, चर्चा : बधाई सन्देश या चाणक्य नीति

लुधियाना : शहीद परिवार से जुड़े कारोबारी मुकेश जैन बिट्टू नवकार द्वारा होली और वैसाखी की शुभकामनाओं के लगाए गए बोर्ड शहर की सियासत में नया मोड़ ले आए हैं। इन बोर्डों पर हल्का सेंट्रल से जुड़े नेताओं, सांसद किशोरी लाल और पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु की तस्वीरें प्रमुखता से लगी हैं। लेकिन कांग्रेस के अन्य खेमों के नेताओं की तस्वीरें नदारद रहने से राजनीतिक हलकों में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।




खासतौर पर हल्का सेंट्रल के कांग्रेस इंचार्ज सुरिंदर डाबर की फोटो का न होना कई सवाल खड़े कर रहा है। इसे कांग्रेस के भीतर चल रही गुटबाजी से जोड़कर देखा जा रहा है। राजनीतिक जानकार इसे 'चाणक्य नीति' करार दे रहे हैं— यानी एक सोची-समझी रणनीति के तहत सीमित चेहरों को आगे बढ़ाना। गौरतलब है कि पंजाब कांग्रेस में अंदरूनी मतभेद किसी से छिपे नहीं हैं। ऐसे में राहुल गांधी की एकजुटता की अपील के बावजूद इस तरह के बोर्ड नई राजनीतिक सरगर्मियों को जन्म दे रहे हैं। उधर, नवकार परिवार का कारोबार और सामाजिक जनाधार भी मजबूत माना जाता है, जिससे इस पूरे घटनाक्रम को महज शुभकामना संदेश नहीं बल्कि सियासी संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

# आज सब माफ, कल से हिसाब !



# ईरान की सड़कों पर लगे हैक किए गए कैमरों से इजराइल और US को ब्रेकफास्ट मीटिंग का पता चला और खमैनी मारा गया

चंडीगढ़, यूटर्न, 03 मार्च। तेहरान में लगभग सभी ट्रैफि क कैमरे सालों से हैक किए गए थे। और जब सीनियर ईरानी अधिकारी तेहरान में पाश्चर स्ट्रीट के पास काम करने आए - जहाँ शनिवार को वर-इजराइली एयर स्ट्राइक में अयातुल्ला अली खमैनी मारे गए थे - तो इजराइली देख रहे थे, एक रिपोर्ट के मुताबिक। ब्रिटिश डेली ने कहा कि एक कैमरे का एंगल खास तौर पर फायदेमंद साबित हुआ, जिससे इजराइल को कड़ी सुरक्षा वाले कंपाउंड के एक बोरिंग हिस्से के कामकाज की एक झलक मिली।





एडवांस्ड एल्गोरिदम ने इन सिक्योरिटी गार्ड्स के सदस्यों के बारे में डॉसियर में डिटेल्स जोड़ीं, जिसमें उनके पते, ड्यूटी के घंटे, वे काम पर जाने के लिए कौन से रास्ते इस्तेमाल करते थे और सबसे जरूरी बात, उन्हें आमतौर पर किसकी सुरक्षा और ट्रांसपोर्ट के लिए नियुक्त किया गया था - रिपोर्ट में डिटेल में बताया गया है कि इंटेलिजेंस अधिकारी इसे ₹जीवन का पैटर्न₹ कहते हैं। यह कोशिश सालों से चल रहे इंटेलिजेंस कैंपेन का हिस्सा थी, जिसने 86 साल के अयातुल्ला की हत्या का रास्ता बनाने में मदद की।

इस रियल-टाइम ट्रैफिक डेटा को ट्रैक करना उन कई तरीकों में से एक था जिससे इजराइल और उक्अ यह पता लगा पाए कि सुप्रीम लीडर शनिवार सुबह अपने ऑफिस में ठीक किस समय होंगे और उनके साथ कौन-कौन लोग होंगे।

रॉयटर्स ने पहले बताया था कि इजराइली इंटेलिजेंस ने शनिवार सुबह तेहरान के बीचों-बीच लीडरशिप कंपाउंड में एक मीटिंग का पता लगाया और हमले आगे बढ़ा दिए गए।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इजराइल पाश्चर स्ट्रीट के पास लगभग एक दर्जन मोबाइल फोन टावरों के कुछ हिस्सों को भी खराब करने में कामयाब रहा, जिससे फोन पर कॉल करने पर ऐसा लग रहा था कि वे बिजी हैं और खामेनेई की सुरक्षा टीम को संभावित चेतावनी मिलने से रोक दिया। रिपोर्ट में कहा गया है, ₹कट्टर दुश्मन की राजधानी की इंटेलिजेंस तस्वीर, इजराइल की एडवांस्ड सिग्नल इंटेलिजेंस यूनिट 8200, उसकी विदेशी इंटेलिजेंस एजेंसी मोसाद द्वारा भर्ती किए गए लोगों और मिलिट्री इंटेलिजेंस द्वारा डेली ब्रीफ में जमा किए गए ढेर सारे डेटा से मिली मेहनत से डेटा कलेक्शन का नतीजा थी।₹

एक इंटेलिजेंस अधिकारी के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है, ₹हमने पहले उनकी आंखें लीं।₹ जून की लड़ाई में और अब, दोनों समय इजराइली पायलटों ने स्पैरो नाम की एक खास तरह की मिसाइल का इस्तेमाल किया है, जिसके वेरिएंट 1,000' से ज्यादा दूर से डाइनिंग टेबल जितने छोटे टारगेट को भी मार सकते हैं - ईरान और उसके किसी भी एरियल डिफेंस सिस्टम की पहुंच से बहुत दूर, रिपोर्ट में विस्तार से बताया गया है।

ब्रिटिश डेली ने कहा कि अयातुल्ला रूहोल्लाह खुमैनी के बाद मौलवियों द्वारा चलाए जा रहे देश के दूसरे सबसे बड़े नेता खामेनेई को मारना एक पॉलिटिकल फैसला था, न कि सिर्फ एक टेक्नोलॉजिकल कामयाबी, जिसने इस स्टोरी के लिए आधा दर्जन से ज्यादा मौजूदा और पुराने इजराइली इंटेलिजेंस अधिकारियों का इंटरव्यू लिया।

खामेनेई, जिनकी तस्वीर पब्लिक जगहों पर बिलबोर्ड पर लगी है और दुकानों में उनकी तस्वीर हर जगह है, ने पब्लिक में मारे जाने की संभावना के बारे में सोचा था, और अपनी जान को इस्लामिक रिपब्लिक की किस्मत के लिए बेकार बताया था।

जब उक्अ और इजराइल ने तय किया कि खामेनेई शनिवार सुबह पाश्चर स्ट्रीट के पास अपने ऑफिस में एक मीटिंग करेंगे, तो ईरान के ज्यादातर सीनियर लीडरशिप के साथ उन्हें भी मारने का मौका असली था। वर जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयर जनरल डैन केन के मुताबिक, वर मिलिट्री ने साइबर अटैक करके इजराइली फाइटर जेट्स के लिए खामेनेई के कंपाउंड पर बमबारी करने का रास्ता साफ किया, जिससे ₹ईरान की देखने, बातचीत करने और जवाब देने की क्षमता में रुकावट आई, उसे कमजोर किया और अंधा कर दिया गया। डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया, ₹वह [खामेनेई] हमारे इंटेलिजेंस और बहुत एडवांस्ड ट्रैकिंग सिस्टम से बच नहीं पाए और इजराइल के साथ मिलकर काम करते हुए, ऐसा कुछ भी नहीं था जो वह, या उनके साथ मारे गए दूसरे लीडर्स कर सकें। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (IDF) ने कहा कि लगभग 200 फाइटर जेट्स ने इजराइली एयर फोर्स के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा मिलिट्री फ्लाईओवर पूरा किया, जिसमें लगभग 500 ठिकानों को टारगेट किया गया। ईरानी नाश्ते के लिए मिल रहे थे जब वे मारे गए।

# ईरान में मरने वालों की संख्या 787 हुई, ईरान के हमलों में 6 वर सैनिक भी मारे गए

चंडीगढ़, यूटर्न, 03 मार्च। ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी का कहना है कि पूरे ईरान में वर-इजराइली हमलों में कम से कम 787 लोग मारे गए हैं। यह बात मिडिल ईस्ट इलाके में इजराइल और यूनाइटेड स्टेट्स के एसेट्स पर ईरान के बड़े हमलों और जवाबी हमलों की एक और लहर के बीच कही जा रही है। मेहर न्यूज एजेंसी के मुताबिक, सोमवार सुबह दक्षिणी ईरान के फार्स प्रांत में कम से कम 35 लोग मारे गए। आउटलेट ने तेहरान के नीलूफर स्क्वायर पर हुए हमले में 20 से ज्यादा लोगों के मारे जाने की भी खबर दी।



वर के मुताबिक, वर की तरफ से मरने वालों की संख्या सिर्फ.छह है। व.र. मिलिट्री ने सोमवार को कहा कि ईरान के साथ चल रहे युद्ध के दौरान मारे गए अमेरिकियों की संख्या छह हो गई है, दो सर्विस मेंबर्स के अवशेष मिलने के बाद, जिनका पहले कोई पता नहीं था। स्टेट डिपार्टमेंट ने मंगलवार को यूनाइटेड अरब अमीरात के साथ छह देशों में नॉन-इमरजेंसी कर्मचारियों और उनके परिवार को निकालने का काम शुरू किया।

जिन दूसरे देशों में यह हो रहा है, वे हैं बहरीन, इराक, जॉर्डन, कुवैत और कतर। UAE, जो दुबई और अबू धाबी का घर है और जिसे लंबे समय से मिडिल ईस्ट का एक सुरक्षित कोना माना जाता है, ईरान युद्ध में घसीटा गया है और उसके इलाके पर हमले और मिसाइल इंटरसेप्शन हुए हैं। इसके अलावा, इजराइल में अमेरिकी एम्बेसडर, माइक हकाबी ने वहां के अमेरिकियों को सलाह दी है कि उनके पास निकलने के लिए ₹बहुत कम₹ ऑप्शन हैं, खासकर बस से मिस्र जाने के लिए, अपने अकाउंट का इस्तेमाल करते हुए, उन्होंने कहा, ₹हमें इजराइल से निकलने के बारे में उन अमेरिकी नागरिकों से बहुत सारी रिक्वेस्ट मिल रही हैं जो अभी इजराइल में हैं या जिनके परिवार यहां हैं।

इजराइल की मिलिट्री ने कहा कि वह तेहरान और बेरूत में मिलिट्री टारगेट पर एक साथ टारगेटेड स्ट्राइक कर रही है₹ क्योंकि ईरान के साथ अमेरिकी-इजराइल युद्ध मंगलवार को अपने चौथे दिन में पहुंच गया। फ्रेंच न्यूज एजेंसी AFP के पत्रकारों ने ईरान की राजधानी में जोरदार धमाके सुने। इजराइल डिफेंस फोर्सेज ने यह भी कहा कि उसने दक्षिणी लेबनान में कई जगहों पर सैनिकों को तैनात किया है, जिसे उसने ₹फॉरवर्ड डिफेंस पोस्चर₹ बताया, और कहा कि वह ₹हिज्बुल्लाह के आतंकवादी इंफ्रास्ट्रक्चर के खिलाफ टारगेटेड स्ट्राइक कर रहा है।

## हरियाणा के नूह के दो टइइर स्टूडेंट मिडिल ईस्ट में लड़ाई के बीच ईरान में फंसे; 'ख&ङ और हिमाचल' के कई और स्टूडेंट भी फंसे

चंडीगढ़, यूटर्न, 03 मार्च। हरियाणा के नूह के दो टइइर स्टूडेंट ईरान के अराक शहर में फंसे हुए हैं। उनके परिवारों ने दावा किया है कि वर और इजराइल के हमले के बाद वेस्ट एशिया में तनाव बढ़ रहा है। राय पुरी के ज़िया उर रहमान (25) और बिसरू गांव के फहेद खान (22) 2023 में अराक यूनिवर्सिटी से टइइर करने के लिए ईरान गए थे। बढ़ते तनाव के साथ, उनके माता-पिता और रिश्तेदारों का कहना है कि वे परेशान हैं, हालांकि दोनों स्टूडेंट ने बताया है कि अराक में अभी हालात स्थिर हैं। रहमान के पिता शमसुद्दीन (57), जो एक सरकारी टीचर हैं, ने कहा कि वह अपने बेटे के रेगुलर कॉन्टैक्ट में हैं। उन्होंने कहा, मैंने सोमवार दोपहर को उनसे बात की थी। हम वहां के हालात का अपडेट लेने के लिए हर दिन उनसे बात कर रहे हैं। हालांकि उन्होंने हमें बताया कि अरक में हालात पहले से बेहतर हैं, लेकिन हम थोड़े टेंशन में हैं। अपने बेटे के हवाले से शमसुद्दीन ने कहा कि जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और तेलंगाना के कई स्टूडेंट उनके साथ पढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, मेरा बेटा और दूसरे लोग यूनिवर्सिटी अधिकारियों के लगातार संपर्क में हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इंडियन एम्बेसी के अधिकारी यूनिवर्सिटी अधिकारियों के संपर्क में हैं और उन्होंने वहां पढ़ रहे सभी स्टूडेंट की डिटेल्स इकट्ठा कर ली हैं।



# 18 मार्च की रैली AAP के पतन की नींव रखेगी: कलेर



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/3/मार्च। मार्च में सुखबीर सिंह बादल कि पंजाब बचाओ रैली ऐतिहासिक होगी और लोग आम आदमी पार्टी की जड़ें उखाड़ देंगे। ये विचार शिरोमणि अकाली दल के हलका इंचार्ज और कोर कमेटी मेंबर एस.आर. कलेर ने आज गांव कमालपुरा में चुने हुए पार्टी नेताओं को संबोधित करने के बाद मीडिया से बात करते हुए शेयर किए। कलेर ने कहा कि पंजाब के लोग सत्ताधारी पार्टी की मनमानी से तंग आ चुके हैं और लोग चुनाव से पहले किए गए वादों का हिसाब मांगने लगे हैं, जिसके कारण AAP MLA गांव की विधानसभाओं में आम लोगों को अपना चेहरा दिखाने से भी कतराने लगे हैं। इस मौके पर कलेर ने कहा कि अब सुखबीर सिंह बादल का नाम लोगों की जुबान पर है और पंजाब के लोगों ने सुखबीर सिंह बादल के नेतृत्व में शिरोमणि अकाली दल की सरकार बनाने की तैयारी कर ली है। क्लेर ने दावा किया कि 18 की रैली AAP के पतन की शुरूआत होगी। इस मौके पर सर्किल प्रेसिडेंट स. परमिंदर सिंह चीमा, जसवीर सिंह बस्सी, जगदेव सिंह बस्सी, मनी बस्सी, गुरप्रीत सिंह गोपी हंसरा, तेजिंदर सिंह हंसरा, सरबजीत सिंह, अमनदीप सिंह हंसरा, रणजीत सिंह हंसरा, मोहन सिंह ग्रेवाल, गुरमुख सिंह पंच, प्रदीप सिंह, अमरजीत सिंह, कुलदीप सिंह, चमकौर सिंह, दर्शन सिंह, अमरजीत सिंह हीर, दलीप सिंह, सुरिंदर सिंह, पृथी हंसरा, जसविंदर सिंह, पिंडरी बस्सी, गोगी और दूसरे लोग मौजूद थे।

# जगरांव में विकास या भ्रष्टाचार का 'शॉर्टकट'?

## 25% घाटे का टेंडर और 'पॉलिटिकल सबलेट' का खेल

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/3/मार्च। शहर के वार्डों में चल रहे विकास कार्यों की पारदर्शिता पर एक बार फिर कालिख पुतती नजर आ रही है। नगर परिषद के अधीन कच्चा मलक रोड स्थित पंजाबी बाग में बन रही गली अब 'सियासी और व्यापारिक' साठगांठ का केंद्र बन गई है।



**क्या है मामला:-** मामला लुधियाना के एक बड़े ठेकेदार द्वारा टेंडर को भारी-भरकम घाटे पर लेने और फिर उसे एक स्थानीय युवा 'आप' नेता की गोद में डाल देने का है।

**क्या कहा मोहल्ला निवासियों ने:-** मोहल्ला निवासियों ने इस पूरे प्रोजेक्ट की गुणवत्ता को लेकर मोर्चा खोल दिया है।

**घाटे का सौदा और मुनाफे की सेटिंग...** लुधियाना के ठेकेदार उज्ज्वल सिंगला ने इस गली का टेंडर सरकारी अनुमानित लागत से 25 प्रतिशत कम (Below) दर पर हासिल किया है।

**सवाल:-** जो काम शुरू होने से पहले ही 25% घाटे पर हो, उसमें निर्माण सामग्री की गुणवत्ता कैसे बची रहेगी?

**आरोप:-** स्थानीय लोगों का सीधा आरोप है कि ठेकेदार ने खुद काम करने के बजाय इसे जगरांव के एक सत्ताधारी दल के युवा नेता को 'सबलेट' कर दिया है। यानी कागजों पर ठेकेदार कोई और, और जमीन पर काम की कमान किसी और के हाथ।

**मोहल्ला निवासियों का आक्रोश:-** यह सड़क नहीं, सरकारी पैसे की बबार्दी है पंजाबी बाग के निवासियों ने निर्माण कार्य में हो रही धांधली को उजागर करते हुए कहा कि गली के निर्माण में निर्धारित मानकों को ताक पर रखा जा रहा है।

**लोगों का कहना है कि घटिया सामग्री:-** सीमेंट और बजरी के अनुपात में बड़ा 'झोल' नजर आ रहा है।



# लुधियाना देहाती पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल : फिल्मी स्टाइल में पीछा कर पकड़े गए संदिग्धों को बिना कार्रवाई छोड़ा

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/3/मार्च। लुधियाना देहाती पुलिस की नशे के खिलाफ चल रही मुहिम पर उस समय सवालिया निशान लग गया, जब सीआईए (उक्अ) स्टाफ द्वारा बड़ी मशक्कत के बाद पकड़े गए दो संदिग्ध युवकों को बिना किसी कानूनी कार्रवाई के छोड़ दिया गया।

**पूरा घटनाक्रमः-** सिद्ववां बेट रोड पर एक संदिग्ध गाड़ी को जब पुलिस ने रुकने का इशारा किया, तो युवकों ने गाड़ी भगा ली। पुलिस ने लुधियाना मुख्य मार्ग पर स्थित एक कॉलोनी तक उनका पीछा किया।

इस दौरान युवकों ने स्कूटी को टक्कर भी मारी, लेकिन गेट बंद होने के कारण वे भाग नहीं सके। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया और पूछताछ के लिए सीआईए स्टाफ ले गई।

क्या पुलिस के मापदंड अलग-अलग हैं?

सीआईए के एक अधिकारी ने फोन पर स्वीकार किया कि पकड़े गए युवकों ने माना



था कि वे हेरोइन खरीदने आए थे। इनमें से एक युवक नाबालिग बताया जा रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि पुलिस जहां 'सिल्वर पन्नी' या लाइटर मिलने के शक में भी केस दर्ज कर देती है, वहीं हेरोइन खरीदने की बात स्वीकार करने वाले इन युवकों को गाड़ी समेत छोड़ दिया गया।

इस संबंध में जब एसएसपी (SSP) डॉ. अंकुर गुप्ता से बात की गई, तो उन्होंने स्पष्ट जवाब देने के बजाय मामले को टालने की कोशिश की।

**विशेष बॉक्सः पुलिस की भागदौड़ और ट्रैफिक जाम...**इन संदिग्धों को पकड़ने के लिए पुलिस ने जगरांव बस स्टैंड चौक से कच्चा मलक रोड तक नाकेबंदी कर दी थी। संदिग्धों को घेरने के लिए ट्रैफिक को पूरी तरह रोक दिया गया, जिससे घंटों जाम की स्थिति बनी रही।

**हथियारबंद पुलिसकर्मियों को देख सहमे लोगः-**पीछा करने के दौरान जब सीआईए की गाड़ी ट्रैफिक में फंसी, तो सिविल वर्दी में तैनात पुलिसकर्मी हाथों में हथियार (असॉल्ट राइफलें) लेकर सड़क पर दौड़ने लगे। भीड़भाड़ वाले इलाके में यह मंजर देखकर लोगों में दहशत फैल गई।

# सिधवा नहर पर बने चार अवैध पुलों पर भी गिरेगी कार्रवाई की गाजः डॉ. सोई

लुधियाना /यूटर्न/3/मार्च। साउथ सिटी रोड और एनएच-95 ए कॉरिडोर पर अवैध निमार्णों के खिलाफ जारी कार्रवाई के बीच अब सिधवा नहर पर बने चार पुलों पर भी सख्त रुख अपनाया गया है। अंतरराष्ट्रीय सड़क सुरक्षा विशेषज्ञ डॉ. सोई ने स्पष्ट किया कि इन पुलों का निर्माण अनिवार्य रोड सेफ्टी ऑडिट के बिना किया गया है और हाईवे एलाइनमेंट, विजिबिलिटी, एप्रोच एंगल तथा ट्रैफिक फ्लो जैसे महत्वपूर्ण मानकों की अनदेखी की गई है। उन्होंने कहा कि इन संरचनाओं के कारण पहले भी कई हादसे हो चुके हैं और भविष्य में बड़े दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। डॉ. सोई ने दो टूक शब्दों में कहा, यदि ये चारों



पुल सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरते तो इन्हें कानूनी प्रक्रिया के तहत हटवाया जाएगा। जिस तरह 47 अवैध इमारतों पर कार्रवाई हो रही है, उसी तरह बिना सेफ्टी ऑडिट बने पुलों को भी डिस्मेंटल किया जाएगा। मानव जीवन किसी भी निर्माण से अधिक महत्वपूर्ण है। 33 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित डॉ. सोई ने कहा कि साउथ सिटी रोड को सुरक्षित बनाना प्रशासनिक ही नहीं, नैतिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने बताया कि ये पुल विभिन्न कॉलोनाइजरों द्वारा अपनी-अपनी कॉलोनियों की सुविधा के लिए बनवाए गए थे। मामले को हाईकोर्ट में तार्किक निष्कर्ष तक ले जाया जाएगा।

# अकाली दल की विरासत युवाओं तक पहुंचाना समय की जरूरतः ढिल्लों व भिंदा



लुधियाना, 3 मार्च। शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल के दिशा-निर्देशों पर पार्टी को मजबूत करने और युवा वर्ग को अधिक से अधिक जोड़ने के उद्देश्य से एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वरिष्ठ अकाली नेता रणजीत सिंह ढिल्लों और अकाली जत्था शहरी के प्रधान भूपिंदर सिंह भिंदा ने युवा नेताओं के साथ विस्तार से विचार-विमर्श किया। नेताओं ने कहा कि पार्टी की असली ताकत जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले युवा कार्यकर्ता हैं। प्रत्येक बूथ और वार्ड स्तर पर संगठन को सक्रिय कर युवाओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अकाली दल की ऐतिहासिक विरासत और कुर्बानियों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना समय की मुख्य आवश्यकता है। पार्टी ने हमेशा पंजाब, पंथ और किसानों के हकों के लिए संघर्ष किया है और आगे भी करती रहेगी। बैठक में शहरी क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाने और घर-घर जाकर नीतियों की जानकारी देने पर जोर दिया गया। युवा नेताओं ने संगठन को मजबूत करने के सुझाव भी दिए। सभी ने एकजुटता का संदेश देते हुए विश्वास जताया कि सुखबीर सिंह बादल के नेतृत्व में पार्टी नई ऊंचाइयों को छुएगी।

# बठिंडा पुलिस की बड़ी कार्रवाईः 8.27 लाख प्रेगाबालिन कैप्सूल व 20 हजार ट्रामाडोल टैबलेट बरामद, दो गिरफ्तार



बठिंडा, यूटर्न, 03 मार्च। ड्रग्स के खिलाफ जंग अभियान के तहत बठिंडा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 8,27,600 प्रेगाबालिन कैप्सूल (IP 300 MG) और 20,000 ट्रामाडोल टैबलेट बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थाना कैनाल कॉलोनी में केस नंबर 58 दिनांक 02.03.2026 को धारा 223 बीएनएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। डीजीपी पंजाब गौरव यादव और डीआईजी बठिंडा रेंज हरजीत सिंह के निदेर्शों पर एसएसपी डॉ. ज्योति यादव, एसपी (सिटी) नरिंदर सिंह, डीएसपी एनडीपीएस गुरप्रीत सिंह और डीएसपी इन्वेस्टिगेशन संदीप सिंह भाटी के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान शिव मंदिर, परसराम नगर के पास पुलिस ने एक एक्टिवा स्कूटर (PB-07BQ-2334) सवार संजीव कुमार उर्फ संदीप को गिरफ्तार किया, जिसके पास से 90,000 प्रेगाबालिन कैप्सूल बरामद हुए। पूछताछ में खुलासा होने पर बाला जी मेडिकल, माहेश्वरी चौक से 7,37,600 कैप्सूल और 20,000 ट्रामाडोल टैबलेट बरामद किए गए तथा मेडिकल स्टोर मालिक रिदाशु को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ पहले कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं था। मामले की आगे जांच जारी है।



Kirti Suresh

## दोबारा 'आप' सरकार बनने पर खन्ना में 15 दिन का विरासती मेला: मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंध




खन्ना, यूटर्न, 03 मार्च। पंजाब सखी शक्ति मेलाझ्र2026 का समापन रविवार को भव्य स्टार नाइट के साथ हुआ। मशहूर पंजाबी गायक मनमोहन वारिस और कमल हीर की प्रस्तुतियों ने माहौल को देर रात तक जीवंत बनाए रखा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंध ने कहा कि पंजाब की सांस्कृतिक विरासत को संजोना और नई पीढ़ी तक पहुंचाना सरकार की पहली प्राथमिकता है। मंत्री ने बताया कि विरासती मेलों का बजट पहले 5 करोड़ रुपये था, जिसे मुख्यमंत्री भगवंत मान की मंजूरी से बढ़ाकर 100 करोड़ रुपये किया गया। उन्होंने कहा कि इसी फैसले से प्रदेश में सांस्कृतिक गतिविधियों को नई रफ्तार मिली है। मेले में भारी जनसैलाब उमड़ा—पहले दिन 10 हजार, तीसरे दिन 30 हजार, पांचवें दिन 50 हजार और अंतिम दिन करीब 70 हजार लोग पहुंचे। मेला महिला सशक्तिकरण का भी बड़ा मंच बना। 25 प्रतिशत स्टॉल स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को निःशुल्क दिए गए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समूहों को नकद पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सफल आयोजन पर मंत्री ने प्रशासन की सराहना की और घोषणा की कि दोबारा 'आप' सरकार बनने पर खन्ना में 15 दिन का विशाल विरासती मेला लगाया जाएगा।

## हाईवे पर नियमों की धज्जियां उड़ा रहीं प्राइवेट बसें, प्रशासन की चुप्पी से लोग परेशान

डेराबस्सी, यूटर्न, 03 मार्च। अंबाला-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर डेराबस्सी क्षेत्र में लंबी दूरी की प्राइवेट बसों द्वारा खुलेआम ट्रैफिक नियमों की अनदेखी की जा रही है। हाईवे किनारे अव्यवस्थित तरीके से खड़ी की जा रही बसें आए दिन सड़क हादसों का कारण बन रही हैं, लेकिन स्थानीय प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा।



स्थानीय लोगों के अनुसार प्राइवेट बस चालक सवारियां बैठाने और उतारने के लिए बसों को सड़क के बीच या बिल्कुल किनारे गलत तरीके से खड़ा कर देते हैं। इससे पीछे से आने वाले वाहनों को रास्ता नहीं मिलता और टक्कर की आशंका बनी रहती है। खासकर रात के समय स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है, क्योंकि कई बसों की पार्किंग लाइट तक बंद रहती हैं।

शहरवासियों का आरोप है कि ट्रैफिक पुलिस और संबंधित प्रशासनिक अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी कार्रवाई नहीं कर रहे। बसों के अवैध ठहराव के कारण रोजाना जाम की स्थिति बन जाती है। पैदल राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों की जान पर हमेशा खतरा मंडराता रहता है।

लोगों का कहना है कि कई बार शिकायतें करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। गुस्साए शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि नियम तोड़ने वाली प्राइवेट बसों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और हाईवे पर ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

## सेवानिवृत्त वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी हरिंदर कौर संधू को भावभीनी विदाई

डेराबस्सी, यूटर्न, 03 मार्च। सिविल अस्पताल डेराबस्सी में सेवानिवृत्त वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी हरिंदर कौर संधू के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, अस्पताल के डॉक्टरों, स्टाफ सदस्यों और गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें सम्मानित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान माहौल भावुक रहा और सहकर्मियों ने उनकी समर्पित सेवाओं को याद किया। अस्पताल के एसएमओ डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि हरिंदर कौर संधू ने अपने कार्यकाल के दौरान निष्ठा, अनुशासन और संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया।








Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372